बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs)

1. सही विकल्प पर सही (✔) का निशान लगाइए-

(क) क्रिया का सीधा संबंध कर्ता के साथ होता है-

कर्तृवाच्य में ◯ कर्मवाच्य में ◯ भाववाच्य में

(ख) इसमें क्रिया का सीधा संबंध कर्म से होता है-

कर्मवाच्य ◯ भाववाच्य ◯ कर्तृवाच्य

(ग) इसमें क्रिया के भाव की प्रधानता होती है-

कर्तृवाच्य ◯ कर्मवाच्य ◯ भाववाच्य

(घ) 'माँ खाना बना रही है' में वाच्य है-

कर्तृ ◯ भाव ◯ कर्म

2. सही वाक्यों के सामने सही (✔) तथा गलत वाक्यों के सामने गलत (×) का निशान लगाइए-

(क) वाच्य के चार भेद होते हैं।

(ख) कर्तृवाच्य में क्रिया का सीधा संबंध कर्ता से होता है।

(ग) 'लड़के क्रिकेट खेल रहे हैं' में भाववाच्य है।

(घ) भाववाच्य का प्रयोग प्रायः असमर्थता प्रकट करने के लिए होता है।

(ङ) 'वैभव से गाया नहीं जाता।' भाववाच्य का उदाहरण है।

3. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए-

कर्मवाच्य वाच्य क्रिया कर्ता कर्म

(क) ____________ के तीन भेद होते हैं।

(ख) वाच्य से पता चलता है कि ____________ को चलाने वाला कर्ता है, कर्म है या अन्य कोई घटक

(ग) कर्तृवाच्य में क्रिया के लिंग तथा वचन भी ____________ के अनुसार होते हैं।

(घ) ____________ में क्रिया का लिंग तथा वचन कर्म के अनुसार ही होता है।

(ङ) भाववाच्य में न तो कर्ता प्रधान होता है, और न ही ____________।

4. निम्नलिखित वाक्यों को कर्मवाच्य में बदलिए-

(क) लड़के फुटबॉल खेल रहे हैं। ____________

(ख) लड़कियाँ गाना गा रही हैं। ____________